दिनांक 16.03.2018

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 01 क्षेत्र अंतर्गत संचालित भवन विहीन 14 आंगनबाड़ी केन्द्रो के लिए वैशालीनगर विधान सभा क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसीन के प्रयासों से सभी 14 आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए जिला खनिज निधि से 90.30 लाख रुपये स्वीकृत किये गये है।

निगम भिलाई के वार्ड 04 राधिका नगर में संचालित कृष्णा नगर का आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु पीली मिट्‌टी चौक डॉ0 शंकर निवास के पास रिक्त शासकीय भूमि में भवन बनाने हेतु 8 लाख 45 हजार रुपये इसी प्रकार वार्ड 5 लक्ष्मीनगर के 6 केन्दों हेतु मटन मार्केट प्रसाद बिल्डिंग के पास बुद्ध भूमि के पास, गौतम नगर में, राजीव नगर में पारसनाथ कॉपरेटिव के पास, दुर्गापारा में प्रियदर्शिनी स्कुल के पास, देवागन पारा में जीम के सामने रविदास नगर में, लक्ष्मी नगर–3 पुरानी बस्ती, भीमनगर में भवन का निम्र्रण किया जावेगा। वार्ड 6 सुपेला बाजार के इंदिरा नगर में शासकीय कन्या शाला भवन के प्रांगण में, पांच रास्ता चिंगरी पारा में पंप हाउस पुराना शौचालय के पास, सुपेला 1 शंकर पारा, दुबे पशु आहार के पास भगत सिंह चौक, आरक्षी नगर शाला प्रांगण में फरीद नगर, कोहका हाउसिंग बोर्ड शासकीय स्कुल प्रांगण में, वार्ड 14 रामनगर मुक्तिधाम के शीतला मंदिर के सामने रामनगर में, सुन्दर नगर–02 प्रगति स्पोर्ट्‌स के पास इस प्रकार कुल 14 आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जाना है। प्रत्येक भवन की लागत 6.45 लाख रुपये होगा।

**जनसम्पर्क विभाग**